तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही इनिशियल जज स्थानान्तरण प्रा0पत्र मु0न0 2/2024 उनवानी फरजाना अंजुम वगैरा बनाम फरीदा कौसर वगैरा, न्यायालय जिला कलक्टर धौलपुर	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
06.02.2024	आज यह पत्रावली पेश हुई। उभयपक्ष स्वंय उपस्थितं। प्रार्थीगण ने यह प्रार्थना पत्र पत्रावली स्थानान्तरण करने हेतु प्रस्तुत किया है जिसमें प्रार्थीगण ने यह कथन किया है कि एक प्रकरण उनवानी केसर सईद बनाम अरशद शईद न्यायालय उपखण्डाधिकारी धौलपुर में लम्बित है इस प्रकरण में जो खसरा नम्बरान विवादित है उक्त खसरा नम्बरान सहित अन्य खसरा नम्बरान सहित एक अन्य प्रकरण अरशद सईद बनाम केसद सईद जो न्यायालय उप खण्डाधिकारी बाडी में विचाराधीन है। प्रार्थीगण का यह कथन है कि प्रकरण के दोनो पक्षकारों के मध्य राजीनाम हो गया है इसलिये न्यायालय उपखण्डाधिकारी धौलपुर में लम्बित प्रकरण केसर सईद बनाम अरशद शईद को न्यायालय उपखण्डाधिकारी बाडी में स्थानान्तरण कर दिया जावे ताकि दोनों प्रकरणों का एकसाथ प्रभावी निराकरण हो सके। उक्त स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र पर न्यायालय उपखण्डाधिकारी धौलपुर की टिप्पणी प्राप्त की गई। उपखण्डाधिकारी धौलपुर ने अपनी टिप्पणी में न्यायालय उपखण्डाधिकारी धौलपुर में विचारीधन प्रकरण उनवानी केसर सईद बनाम अरसद सईद वगैरा को न्यायालय उपखण्डाधिकारी बाडी में स्थानान्तिरत किया जाता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। हमने उपस्थित दोनों पक्षों को सुना तथा पत्रावली पर उपलब्ध रिकार्ड एवं उपखण्डाधिकारी धौलपुर द्वारा प्रस्तुत टिप्पणी का अवलोकन किया। प्रार्थीगण का यह प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता है। अतः प्रार्थीगण का यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर न्यायालय उपखण्डाधिकारी धौलपुर में विचाराधीन प्रकरण उनवानी केसर सईद बनाम अरसद सईद वगैरा को न्यायालय उपखण्डाधिकारी बाडी में स्थनान्तरण किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त आदेशिका की प्रति न्यायालय उपखण्ड अधिकारी धौलपुर/बाडी को पालना हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर वाद तकमील दालिख दफतर हो। आदेश सुनाया गया। (श्री निधि बी टी) जिला कलक्टर धौलपुर	